ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय
कामेश्वरनगर, दरभंगा – 846004
NAAC Accredited "Grade B++"

सूचना

विश्वविद्यालय ज्ञापांकः C/XC/10660-830/26 दिनांकः 24.05.2026 के आलोक में सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. परीक्षार्थी स्वयं अपनी ओर से इंटर्नशिप हेतु फर्म/संस्था का चयन कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित महाविद्यालय उक्त फर्म/संस्था का उचित सत्यापन एवं प्रमाणीकरण सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई फर्म/संस्था फर्जी अथवा गैर–कार्यशील पाई जाती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि इंटर्नशिप अवधि के दौरान संबंधित फर्म/संस्था किसी भी परीक्षार्थी का आर्थिक शोषण न करे तथा उन्हें निष्पक्ष, सुरक्षित एवं शैक्षणिक दृष्टि से उपयुक्त इंटर्नशिप वातावरण उपलब्ध करायें।
2. जो छात्र पहले से किसी फर्म/संस्था में इंटर्नशिप हेतु पंजीकृत हैं, वे अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर उसी फर्म/संस्था में इंटर्नशिप जारी रख सकते हैं।
3. यदि कोई महाविद्यालय इंटर्नशिप के उद्देश्य से किसी संस्था/कम्पनी/संगठन के साथ एम.ओ.यू. करना चाहता है अथवा पहले से कर चुका है, तो विश्वविद्यालय से प्रशासनिक स्वीकति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अतः सभी संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि आवश्यक विवरण सहित प्रस्ताव ई–मेल (coe@lnmu.ac.in) के माध्यम से विश्वविद्यालय को भेजें। विश्वविद्यालय की प्रशासनिक स्वीकृति के बिना किये गये किसी भी एम.ओ.यू. को मान्यता प्राप्त नहीं होगी।
4. विश्वविद्यालय उन फर्मों को प्रोत्साहित करता है जो छात्रों को इंटर्नशिप हेतु मानदेय प्रदान करें अथवा निःशुल्क/अवैतनिक इंटर्नशिप उपलब्ध कराएं।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से,
विश्वासभाजन
ह0/–
कुलसचिव

ज्ञापांक : XC/7950-811/6/26 दिनांक : 26/05/26

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. **सभी प्रधानाचार्य,** अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. **सभी नोडल पदाधिकारी (इंटर्नशिप),** अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
3. **इन्चार्ज विश्वविद्यालय आई0टी0सेल0,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **कुलपति के निजी सचिव/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/उप–परीक्षा नियंत्रक (शोध)/उप–परीक्षा नियंत्रक (सामान्य)/उप–परीक्षा नियंत्रक (प्रोद्योगिकी एवं व्यावसायिक),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

26.05.26

कुलसचिव

26.6.2026